# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्,राँची (झारखण्ड)
## द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

**मॉडल प्रश्न पत्र** **सेट-(2)**

| कक्षा-9 | विषय- हिन्दी (ए) | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश:-

- परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा शैली में उत्तर दें |
- इस प्रश्न  पत्र के तीन खण्ड है | सभी खण्ड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित हैं |
- प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें |
- 2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में , 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में एवं 6 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दें |

### खण्ड – क (अपठित बोध) 3 x 2 = 6

नीचे दिए गए पद्यांश  को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :-

हम जंग न होने देंगे |
विश्व शांति के हम साधक हैं, जंग न होने देंगे |
    कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फलेगी,
    खलिहानों में नही मौत की फसल खिलेगी |
आसमान फिर कभी न अंगारा उगलेगा,
एटम में नागासाकी फिर नहीं जलेगी,
युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे |
जंग न होने देंगे |
कफ़न बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर,
दुनिया जान गयी है उनका असली चेहरा,
कामयाब उनकी चालें हम न होने  देंगे |

जंग न होने देंगे |
हमें चाहिए शांति जिंदगी हमको प्यारी,
हमें चाहिए शांति, सृजन की है तैयारी |
हमने छेड़ी जंग भूख से, बीमारी से,
आगे आकर हाथ बटाए दुनिया सारी |
हरी भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे |
जंग न होने देंगे |

**प्रश्न 1.** निम्न शब्दों के एक- एक पर्यायवाची शब्द लिखें :-
(क) आसमान (ख) विश्व

**प्रश्न 2.** उपर्युक्त पद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दें |

**प्रश्न 3.**हम सभी किसके साधक हैं ?

**खण्ड – ख (पाठ्यपुस्तक)**

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें :- 4x 3 =12

(क) "मेघ आए" शीर्षक कविता में प्रकृति के जिन गतिशील क्रियाओं का वर्णन कवि ने किया है, उनका उल्लेख करें |

(ख) कवि माखनलाल चतुर्वेदी को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही थी ?

(ग) बालिका मैना के चरित्र की कौन- कौन सी विशेषताओं को आप अपनाना चाहेंगे और क्यों ?

(घ) लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व के किन- किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(ङ) ब्रजभूमि के प्रति कवि रसखान का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

(च) लेखिका महादेवी वर्मा के छात्रावास के परिवेश की चर्चा अपने शब्दों में करें |

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 3 x 2= 6

(क) माटी वाली के पास अपने अच्छे या बुरे भाग्य के बारे में ज्यादा सोचने का समय क्यों नहीं था ?

(ख) "रीढ़ की हड्डी" शीर्षक एकांकी में कथावस्तु के आधार पर आप किसे मुख्य पात्र मानते हैं ? और क्यों ?

(ग) माटी वाली का रोटियों का इस तरह हिसाब लगाना उसकी किस मजबूरी को प्रकट करता है ?

**खण्ड – ग (रचना)** 1 x 5 = 5

**प्रश्न 6.** अपने मुहल्ले की सफाई हेतु नगर – निगम अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखें |

**अथवा**

वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए |

**प्रश्न 7.** दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखें | 1 x 6= 6

बिरसा मुंडा ( संकेत बिंदु – परिचय, बाल्यावस्था एवं शिक्षा, अंग्रेजो से संघर्ष, उपसंहार )

**अथवा**

खेल कूद का महत्व ( संकेत बिंदु – खेलों का महत्व, खेल और चरित्र, खेल भावना का विकास, उपसंहार )

**अथवा**

परोपकार का महत्व (संकेत बिंदु – भूमिका, अर्थ, महत्व, उपसंहार)

**प्रश्न 8.** विद्यालय के द्वारा साईकिल वितरण होने पर छात्रों में उत्त्साह का वातावरण है | इस विषय पर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लिखें | 1 x 5 = 5

**अथवा**

दीपावली के त्योहार की तैयारी हेतु माँ और बेटी के बीच के संवाद को लिखें |